


नवभारत
सतना, शनिवार,04 अप्रैल, 2026


# चित्रकूट में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

## बरहा के सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर में हुआ अखण्ड हनुमान चालीसा का पाठ, देश भर से हजारों भक्तों ने किए संकट मोचक हनुमान का पूजन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 3 अप्रैल। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में हनुमान जयंती का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित सुप्रसिद्ध बरहा के प्राचीन हनुमान मन्दिर में भजन कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन हुआ। हजारों लोगों ने हवन पूजन के साथ हनुमान जी के दर्शन कर मनोकामनाओं के पूरक भगवान कामदगिरि की परिक्रमा लगाई इसके अलावा ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हनुमान जयंती पर श्रद्धा एवं उल्लास के साथ भव्य आयोजन संपन्न कुलगुरु प्रो॰ आलोक चौबे सहित विद्यार्थियों और स्टाफ ने किया।**

पूजन अर्चन एवं हवन चित्रकूट महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में रामभक्त हनुमान जी की जयंती श्रद्धाए भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर में विधि.विधान से पूजा.अर्चनाए हवनए स्तुतिए आरती एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो॰ आलोक चौबे स्वयं उपस्थित होकर पूजनए अर्चन एवं हवन में सहभागी बने तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों के समूह द्वारा एकादश श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गयाए जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन बीटेक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों अपार सिंह तोमर ;सिविल



इंजीनियरिंगद्ध एवं अंकुश मिश्रा ;एग्रीकल्चर इंजीनियरिंगद्ध द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उनके नेतृत्व में विद्यार्थियों ने अत्यंत अनुशासित एवं भक्तिपूर्ण वातावरण में हनुमान कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने श्रमदान के माध्यम से मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ.सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही रंग.बिरंगी झंडियों एवं ध्वजों से मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गयाए जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल निर्मित हो गया।इस आयोजन में विश्वविद्यालय के शिक्षकगणए अधिकारीए कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से भगवान हनुमान से सुखए समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनाए बल्कि सामाजिक सहभागिताए स्वच्छता एवं सांस्कृतिक एकता का प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया।हनुमान जयंती पर चित्रकूट के सिद्ध स्थल हनुमान धारा, लैना बाबा सरकार, बूढ़े हनुमान जी, नांदी हनुमान जी, राजापुर के संकट मोचन हनुमान मंदिर, दास हनुमान मंदिर और बरहा हनुमान मंदिर आदि में खास आयोजन हुए। चैबीस घंटा रामनाम संकीर्तन के साथ हनुमान चालीसा व सुंदर कांड आदि के पाठ हुए। सुबह से देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने हवन पूजन किया। सबसे अधिक भक्तों की भीड़ हनुमान धारा, बरहा के हनुमान मन्दिर और लाइना बाबा हनुमान धाम में देखी गई। यह वह स्थान है जहां पर प्रभु राम के सेवक हनुमान को सबसे बड़ा सुख मिला था।

बरहा के सुप्रसिद्ध हनुमान मन्दिर के महंत अमित दास महाराज ने बताया कि चित्रकूट विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ है। चित्रकूट में प्रभु श्री राम ने वनवास काल का सर्वाधिक साढ़े 11 वर्ष का समय व्यतीत किया था। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित बरहा के प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी की भूमि से प्रकटी हुई मूर्ति है। इस प्राचीन मूर्ति के दर्शन और पूजन करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। दर्शन करने पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता रामभक्त जगदीश प्रसाद गौतम ने बताया कि चित्रकूट भगवान श्रीराम की तपोभूमि है। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित बरहा के सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर में बड़े हर्षोल्लास से हनुमान जयंती का पर्व मनाया जा रहा है। श्री गौतम ने बताया कि बरहा के प्राचीन हनुमान जी के दर्शन से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मंदिर में अखण्ड हनुमान चालीसा का पाठ का भी दिव्य आयोजन हो रहा है।इस मौके पर संत विपिन विराट महराज ,नगर पालिका चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ,मानिकपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा,सभासद शंकर यादव,विश्व हिंदू परिषद के रामशरण तिवारी आदि सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## मानस पाठ व भंडारे के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया



नवभारत न्यूज

**उचेहरा 3 अप्रैल । जनपद पंचायत उचेहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिथौराबाद के शिव शक्ति आश्रम क्षीर सागर केंद्र निरोग धाम पब्लिक ट्रस्ट गौशाला मंदिर में टस्ट के प्रधान संत रामनरेश जी के मार्गदर्शन में**

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर महिला मंडल एवं पुरुष मंडल के द्वारा संगीत मय मानस पाठ पूरे श्रद्धा और हर्षोल्लास किया गया और श्री हनुमान जी की महिमा का गुण गान किया गया।इस अवसर पर मंदिर परिसर पवनपुत्र हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा। मानस पाठ उपरांत विशाल भंडार का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में आसपास के रहवासियो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मानस का पाठ संगीतमय प्रस्तुति के बीच सभी ने श्री हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर महिला मंडल में वंदना कुशवाहा शीला कुशवाहा चंद्रकली कुशवाहा मुन्नीबाई संगीता कुशवाहा शीला कुशवाहा के अलावा पुरुष मंडल में सत्यम कुशवाहा रामबली कुशवाहा कमलेश भाई रामनाथ कुशवाहा राजकुमार सिंह अमित हरबोल के अलावा अन्य भक्त लोग कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित किया।

## सरस्वती विद्यालय के गौरव प्रशासनिक अधिकारी अखिल पाण्डेय का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 3 अप्रैल । सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान में आयोजित विशेष सम्मान समारोह कार्यक्रम में विद्यालय के गौरव पूर्व छात्र अखिल पाण्डेय का शाल स्मृतिचिन्ह के साथ सम्मान किया गया ।अखिल पाण्डेय का हाल ही में आयोजित यूपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए हैं ।**

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल पाण्डेय विद्यालय अध्यक्षता प्रबंध समिति अध्यक्ष अशोक सिंह विशिष्ट अतिथि अमृतलाल पाण्डेय रहे । इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र मृत्युंजय सिंह का भी सम्मान किया गया जिनका हाल ही में




शासकीय शिक्षक के पद पर चयन हुआ है । साथ ही वरिष्ठ पत्रकार क्रमशः सुधीर सिंह राठौर संदीप गुप्ता को सम्मानित किया गया । अखिल पाण्डेय चयन होने के पश्चात रामपुर आगमन पर सर्वप्रथम सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे । उद्बोधन में अपने विद्यालयीन समय को याद करते हुए अपनी इस सफलता को अपने माता पिता बड़े भाई व गुरुजनों विशेष रूप से स्व दिनेश मिश्रा जी को समर्पित किया। स्व दिनेश मिश्रा को विशेष रूप से याद करते हुए बताया कि आचार्यजी ने हमेशा प्रशासनिक सेवा के लिए प्रोत्साहित किया था ।चयनित शासकीय शिक्षक पूर्व छात्र मृत्युजय सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर रामबिहारी पाण्डेय पिता अनिल पाण्डेय अंकित पाण्डेय विष्णुधर भट्ट राहुल चौरसिया अजय मिश्रा रामबक्स सिंह नरेंद्र पाण्डेय आदि गणमान्य नागरिक के साथ अभिभावक एवं आचार्य परिवार उपस्थित रहे ।पूर्व छात्र परिषद सचिव मृत्युंजय त्रिपाठी विनय सोनी आशीष सिंह विशाल त्रिपाठी योगेश सोनी निधि साहू विपिन शुक्ला शिवम पाण्डेय नितिन त्रिपाठी आदि ने शुभकामनाएं दी ।परीक्षा परिणाम की घोषणा प्रभारी प्राचार्य उमेश शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन व्यवस्थापक पंकज सोनी ने किया ।मंच संचालन प्रवीण निगम दीदी एवं मंचीय व्यवस्था बहन निधि द्विवेदी व रवि पाण्डेय ने की ।हनुमान जयंती के इस विशेष अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति सुंदरकाण्ड एवं भंडारा प्रसाद वितरण किया गया जिसका आयोजन सभी आचार्य परिवार एवं अभिभाविकाओं के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ ।

## राष्ट्र सेविका समिति ने निकाला पथ संचलन

नवभारत न्यूज

**नागौद 3 अप्रैल । राष्ट्र सेविका समिति विभाग सतना खंड नागौद द्वारा आज 3 अप्रैल 2026 को पथ संचलन निकाला गया संचलन बरकोनिया मंदिर से प्रारंभ होकर लक्ष्मी बाई मार्ग, गांधी चौक, पोस्ट ऑफिस, जवाहर चौक, मुख्य बाजार, बस स्टैंड, अगोल मैदान होते हुए पुनः बरकोनिया मंदिर में समापन हुआ।**

उल्लेखनीय है कि राष्ट्र सेविका समिति का प्रशिक्षण वर्ग 29 मार्च 2026 से 4 अप्रैल 2026 तक सरस्वती उच्चतर माध्यमिक




विद्यालय माधवपुरम में संचालित हो रहा है इस उपलक्ष्य पर राष्ट्र सेविका समिति विभाग सतना खंड नागौद द्वारा आज पथ संचलन निकाला गया।जिसका जगह जगह स्वागत किया गया।

## बेटे की आंखों के सामने बाप का कत्ल करने वाले को उम्रकैद

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट , 3 अप्रैल। लगभग 1 साल पहले होली के त्योहार पर पुत्र के सामने पिता को कुल्हाड़ी मारकर मौत के घाट उतारने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 11000 के अर्थदंड से भी दंडित किया है।'**

जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 14 मार्च 2025 को जारो माफी गांव की निवासी मीरा प्रजापति ने मारकुंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में उसने बताया था कि गांव के ही रामप्रसाद ने उसके पति को गाली गलौज किया और विरोध करने पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के नाबालिक बेटे 12 वर्षीय सत्यम ने बताया था कि घटना के दिन 14 मार्च को होली का त्यौहार होने के कारण स्कूल बंद था। उसके पिता बाल कटवाने के लिए घर से निकले थे । इस दौरान वह पिता को बुलाने के लिए गया और उनके साथ वापस आ रहा था। रास्ते में राम प्रसाद ने पिता को गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर कुल्हाड़ी से कई वार किया। जिससे पिता का गला कट गया और हमलावर मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीण उनके पिता को जिला अस्पताल ले गए । यहां गंभीर हालत के चलते उन्हें रेफर कर दिया गया । बाद में इलाज के दौरान जबलपुर में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था । बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने इस मामले में निर्णय सुनाया। इसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी राम प्रसाद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ 11000 अर्थदण्ड से भी दंडित किया गया।

## हैंड पंप की व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार

नवभारत न्यूज

**कोठी 3 अप्रैल। स्थानीय झाली चौराहे के पास लगे हैंडपंप की बिगड़ी व्यवस्था को नगर परिषद कोठी आज तक नहीं सुधरवा पाया । जबकि कई बार समाचार पत्रों ने इस समस्या को उठाया। उसके बाद भी नगर परिषद के जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंगा।**

अब हालात यह है कि हैंडपंप के पास गंदगी तो बजबजा ही रही है साथ ही पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर



बहता है जिससे सड़क पर फिसलन रहती है जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो भी चुकी हैं और सदैव दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है साथ ही दूसरी ओर हैंड पंप के पास गंदगी होने की वजह से बीमारी का भी खतरा बढ़ रहा है और इस हैंडपंप का पानी दूषित आ रहा है ।

**यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण**-नगर उत्थान युवा संघर्ष समिति के संयोजक इंजीनियर आशीष तिवारी ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई बार समाचार पत्रों में हैंडपंप की समस्या का समाचार प्रकाशित हुआ फिर भी जिम्मेदारों ने इसे गंभीरता से नहीं



लिया और आज भी हालत जस की तस है जिससे कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं नगर परिषद को चाहिए कि तत्काल इसे सुधनवा दे क्योंकि गर्मी का मौसम है और लोगों को स्वच्छ पानी पीने के लिए चाहिए जिससे कि बीमारियों से बचा जा सके और व्यवस्था भी सही रहे।

## मंदिर में किटी पार्टी पर आपत्ति करने पर प्रशासक से कर दिया शिकायत

नवभारत न्यूज

**नागौद 3 अप्रैल। श्री जानकी रमण बरकोनिया मंदिर में महिलाओं द्वारा किटी पार्टी आयोजित कर साउथ इंडियन खेला बुला कर नाश्ते का आनंद लेने पर जब कर्मचारियों ने आपत्ति जताया तो महिलाओं ने कर्मचारियों की शिकायत मंदिर प्रशासक से कर दी ।**

जानकारी मुताबिक मंदिर में विशेष समुदाय की महिलाओं द्वारा किटी पार्टी का सायं काल आयोजन कई बार किया गया तत्पश्चात साउथ इंडियन ठेला लगवा कर व्यंजनों का आनंद ने उठाया जाता है। इस पर मंदिर समिति के कर्मचारियों ने आपत्ति करते हुए कहा कि मंदिर के अंदर पूजन भजन अर्चन कोई भी कर सकता है किटी पार्टी एवं ठेला लगाकर व्यंजनों का आनंद लेना गलत है कर्मचारी के विरोध करने पर महिलाओं ने मंदिर समिति के प्रशासक एसडीएम को लिखित शिकायत समिति के कर्मचारियों एवं एक सदस्य के खिलाफ की गई है।

## चित्रकूट में नौकरी के नाम पर करोड़ों का खेल

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 3 अप्रैल। सदर मुख्यालय में आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मियों की भर्ती के नाम पर चल रहा अवैध धंधा अब बड़े घोटाले का रूप लेता जा रहा है। बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे एक लाख से लेकर तीन लाख रुपये तक की मोटी रकम वसूली जा रही है।**

सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग समेत करीब आधा दर्जन विभागों के कुछ अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। दलाल आकर्षक वेतन, सरकारी मैनुअल जैसी सुविधाओं का लालच देकर युवाओं को अपने जाल में फंसा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि सदर मुख्यालय में बाकायदा ऑफिस खोलकर इस पूरे खेल को अंजाम दिया जा रहा है, जहां बेरोजगार युवाओं को ले जाकर उनसे रकम वसूली जाती है।

## तहसील कार्यालय के सामने हुई किसानों की बैठक

नवभारत न्यूज

**कोटर 3 अप्रैल। दिनांक 03/04/2026 को कोटर तहसील कार्यालय के सामने हेमराज सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्रीय किसानों की समस्या समाधान हेतु किसानों की बैठक संपन्न हुई।**

बैठक में पम्प के फर्जी बिजली बिल नहर के पानी का फायदा न मिलने पर भी बिल वसूली, आवारा पशुओं द्वारा फसल को क्षति , खाद



उपलब्ध ना होना ,खसरा सुधार में परेशानी, बैंकों द्वारा 0त्न पर केसीसी न देना आदि कई समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में रणनीति बनाई गई कि आने वाले समय में जब किसान खेती-किसानी से फुर्सत हो जाएगा तब कोटर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में एकत्र होकर बृहद धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी तिथि बहुत जल्द ही तय कर सभी किसानों को व प्रशासन को सूचित किया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन का उद्?देश्य प्रशासन के ऊपर दबाव बनाकर किसानों की समस्याओं का समाधान प्रशासन से कराना है। अगली बैठक ग्राम टिकुरी में नागेंद्र सिंह के फार्म हाउस में तारीख 19/04/26 दिन रविवार को निश्चित कर किसानों अनुरोध किसान अपनी समस्याओं को मीटिंग में रखने धरना प्रदर्शन को ता0 एवं रूपरेखा तय करने के लिए मीटिंग में पधारने का कष्ट करें।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**मझगवां 3 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन पर पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत दिनाँक 30/03/26 को दोपहर 02 बजे से दिनाँक 31/03/26 शाम 05 .30 बजे तक 24 घंटे का आवासीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग मंडल मझगवाँ श्यामवर्ण पैलेस मझगवाँ स्थान में सम्पन्न हुआ।**

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन पर अनुशाषित रह करके जागरण से लेकर रात्रि विश्राम विश्राम तक तय समय का पालन करते हुए वर्ग में 8 बौद्धिक सत्र निर्धारित रहे , हर एक अलग अलग सत्र के अलग अलग अध्यक्ष एव वाकताओ से प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। उद्घाटन एव प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता रहे चित्रकूट के विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार रहे । उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां और आपके साथ अध्यक्षता के लिए उपस्थित रहे देवमन सिंह रिटायर्ड



आरआई। द्वितीय सत्र के मुख्यवक्ता कार्तिकेय द्विवेदी उन्होंने कार्य विस्तार विषय पर विचार रखे अध्यक्षता निरंजन जायसवाल ने किया। तृतीय सत्र के मुख्यवक्ता शंकरदयाल त्रिपाठी ने कार्य पद्धति विषय पर विचार रखे अध्यक्षता रामौतार ददा ने किया। चौथे सत्र के मुख्यवक्ता श्रीमती डॉ नंदिता पाठक (दीदी) आपने बूथ प्रबंधन एव मन की बात पर विचार रखे अध्यक्षता संजय सिंह कछवाह ने किया। पाँचवे सत्र के वक्ता रमाकांत गौतम ने भाजपा का इतिहास एव विकास विषय पर बोले अध्यक्षता श्रीमती मालती शर्मा ने किया। छठवें सत्र के वक्ता विजय तिवारी ने वैचारिक आधार पर संबोधित किया अध्यक्षता लव सिंह गोड रहे। सातवें सत्र के वक्ता अभिनव त्रिपाठी ने सोशल मीडिया नमो एप सरल एप पर विचार रखे अध्यक्षता इन्द्र प्रसाद यादव ने किया। समापन सत्र के वक्ता डॉ श्रीराम मिश्रा ने केंद्र सरकार की योजनाएं की जानकारी रखी अध्यक्षता संजय सिंह आरख रहे । सम्पूर्ण वर्ग मझगवाँ मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह धुर्वे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । साथ ही मंडल के प्रभारी चंद्रभान कुशवाहा एव प्रशिक्षण के मंडल प्रभारी राजेन्द्र उपाध्याय और वर्ग के नियंत्रक प्रेमचंद पाण्डेय का मार्गदर्शन पूरे वर्ग के दौरान प्राप्त होता रहा है।

## एक नजर में



### मैहर आगमन पर सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**मैहर** ।मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा के मैहर आगमन पर जिला अध्यक्ष धर्मेश घई एवं सेवादल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन मैहर में जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री भार्गव मां शारदा माता जी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर चर्चा करते हुए मैहर ब्लॉक की गतिविधियों से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने प्रदेश अध्यक्ष श्री भार्गव के समक्ष प्रस्ताव रखा की प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मैहर जिले में किया जाए ।उक्त प्रस्ताव को तत्काल प्रदेश अध्यक्ष द्वारा स्वीकृत प्रदान कर दी गई तत्पश्चात श्री भार्गव सतना जिले के लिए प्रस्थान कर गए। इस अवसर पर *शब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति मुकेश सेन सुषमा अरजरिया युवा नेता नरेंद्र शराफ अखंड प्रताप सिंह राजेंद्र शर्मा अश्विनी द्विवेदी अभिषेक सेन अशोक उपाध्याय किशन द्विवेदी अंकित सेन महेंद्र रजक अंबुज तनय मुमताज मोहम्मद रविनंदन प्रजापति विनोद विश्वकर्मा अरुण कुशवाहा रतन सेन कमला सेन जनक दुलारी शुक्ला गिरजा पांडे सियानंद रजक रामनिवास रजक ललन विश्वकर्मा नंदकिशोर विश्वकर्मा साधू लाल कुशवाहा राजू कुशवाहा* आदि लोग उपस्थित रहे।

### पैतृक निजी आराजी पर जबरन नव निर्माण

**रामनगर** ।व्यवहार न्यायाधीश न्यायालय अमरपाटन पर चल रहे जमीनी मामले पर न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश के बाद भी प्रतिवादी द्वारा जारी निर्माण कार्य जारी है ।खबर के अनुसार, मैहर जिले के राजस्व अनुभाग तहसील रामनगर थाना, चौकी



मर्यादपुर ग्राम उचेहरा में फरियादी की पुस्तैनी जमीन पर जिस पर न्यायालय में मामला भी विचाराधीन है,उस पर प्रतिवादी, कब्जा कर जबरन नव निर्माण कर रहे हैं रसूखदार दबंग न तो माननीय न्यायालय का आदेश मान रहे और न ही फरियादी का नम्र निवेदन ।नियम कानूनों के रक्षको, पालकों तक फरियादी नहीं पहुंच पा रहा ,गरीब जमीन मालिक के आवेदनों निवेदनों पर प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई या कार्यवाही नहीं हो रही। फरियादी ने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत किया है।




### नेमुआ ओपन नाईट टूर्नामेंट 2026 का फाइनल कल

**कोटर** ।रामपुर बाघेलान के नेमुआ ग्राउंड ओपन नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के आयोजक नीलू तिवारी ने बताया कि 5 अपैल को शाम 7 बजे से रॉयल चैलेंज सागर और बजरंग 11 (सगौनी) के बीच फाइनल महा मुकाबला खेला जाएगा ।कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया रहेंगे। श्री तिवारी ने रामपुर बाघेलान क्षेत्र के सभी लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने की अपील किया है।